रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003—05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/Weekly

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं॰ 46] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 13—नवम्बर 19, 2004 (कार्तिक 22, 1926)

No. 46] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 13—NOVEMBER 19, 2004 (KARTIKA 22, 1926)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	895
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1125
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	3
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1555
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, निर्देशक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	1253
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	8241
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	6419
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	595
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हैं।

CONTENTS

	Page
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	895
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1185
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Ordersissued by the Ministry of Defence	3
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1555
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi languages of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-laws, etc. of general character issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1253
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	8241
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	6419
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	595
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

[रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विविधतर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अगस्त 2004

संख्या 127–प्रेज/2004 – राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को उनके असाधारण वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते है:–

1. **श्री नरेंद्र नाथ धर दुबे, सैकेंड-इन-कमांड**
सीमा सुरक्षा बल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 30 अगस्त, 2003)

एक कट्टर आतंकवादी राणा ताहिर नदीम उर्फ गाजी बाबा, जो ई-ई-एम के चीफ आपरेशनल कमांडर के नूरबाग (श्रीनगर) के एक घर में उपस्थित होने की विशिष्ट सूचना के आधार पर सीमा सुरक्षा बल ने 30 अगस्त, 2003 को एक तलाशी एवं घेराबन्दी आपरेशन शुरू किया। अन्य अफसरों/कार्मिकों के साथ श्री नरेंद्र नाथ धर दुबे उस घर के दरवाजे को तोड़ कर अन्दर घुसे। घर के भूतल तथा प्रथम तल की तलाशी ली गई। घर के द्वितीय तल में पहुंचने पर उसे खाली पाया गया। फिर भी, श्री दुबे कमरे में विचित्र ढंग से रखी दो अलमारियों को देखकर सकते में आ गए। उन्होंने कार्मिकों की आड़ लेकर अलमारी पर लगे दर्पण को तोड़ने का अनुदेश दिया। दर्पण के टूटने पर, एक चोर दरवाजा खुला तथा इसमें छिपे आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी तथा हथगोले फेंके। कांस्टेबल बलबीर सिंह सहित श्री दुबे गोलियों से घायल हो गए। घायल होने के बावजूद, दोनों ने जवाबी गोलाबारी की। एक आतंकवादी छिपने के ठिकाने से बाहर कूदा तथा बिल्कुल नजदीक से श्री दुबे पर गोली चलाने वाला था कि अपनी जिन्दगी की परवाह किए बिना कांस्टेबल बलबीर सिंह अफसर के समाने कूद गए। कांस्टेबल बलवीर सिंह के पेट में गोलियां लगी तथा घावों के कारण वे मौके पर ही वीरगति को प्राप्त हो गए। श्री दुबे झपट कर आतंकवादी पर टूट पड़े तथा उसकी राइफल पकड़ ली। आतंकवादी ने एक पिस्तौल निकाली तथा गोली चलाकर श्री दुबे के बाजू के अग्रभाग के चीथड़े कर दिए तथा बाहर की ओर दौड़ा। गंभीर रूप से घायल होने तथा अत्यधिक रक्तस्राव के बावजूद श्री दुबे आतंकवादी के पीछे दौड़े और उसको मौके पर ही मार डाला। बाद में मृतक आतंकवादी की पहचान कुख्यात राणा ताहिर नदीम उर्फ गाजी बाबा के रूप में पहचान हुई। अपने शरीर पर गोलियों के आठ जख्म होने तथा गंभीर रूप से जख्मी बाजू के बावजूद सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए जाते समय भी श्री दुबे ने शेष आतंकवादियों के साथ जारी लड़ाई के सफल संचालन हेतु अपने अफसरों तथा आदमियों का मार्गदर्शन किया तथा उन्हें प्रेरित किया। आगे की कार्रवाई में एक और आतंकवादी भी मारा गया।

अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना श्री नरेंद्र नाथ धर दुबे ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में उत्कृष्ट वीरतापूर्ण कार्रवाई, अडिग साहस, सफल नेतृत्व के गुण, अनुकरणीय कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया।

2. **आईसी-62214 लेफ्टिनेंट कनवदीप सिंह**
10 सिख (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 23 सितम्बर, 2003)

एक प्लाटून के साथ लेफ्टिनेंट कनवदीप सिंह को जम्मू-कश्मीर के गुरेज सेक्टर में तलाशी तथा सफाया आपरेशन का कार्य सौंपा गया था। 23 सितम्बर, 2003 को लद्दाख स्काउट के एक गश्ती दल पर आतंकवादियों ने छिपकर आक्रमण कर दिया; दो सैनिक घायल हो गए जबकि अन्य सैनिक भारी गोलीबारी में फंस गए।

लेफ्टिनेंट कनवदीप ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तथा किसी आदेश की प्रतीक्षा किए बिना फंसे हुए गश्ती दल को बचाने के लिए तुरंत अपनी प्लाटून को लगा दिया। ज्यों ही उनकी प्लाटून निकट आई तो दुर्गम प्राकृतिक गुफा में छुपे आतंकवादियों के दूसरे दल ने उन पर भारी गोलीबारी कर दी। व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना इस अफसर ने आड़ लेकर एक आतंकवादी को मार डाला। इसी बीच उन्होंने देखा कि आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के कारण उनकी रॉकेट लांचर टुकड़ी फायर नहीं कर पा रही थी। यह अफसर अपनी टुकड़ी की ओर आगे बढ़े किंतु आतंकवादियों की गोलीबारी से घायल हो गए। घायल होने के बावजूद, यह अफसर रेंगकर अपनी टुकड़ी की तरफ आगे बढ़े और नजदीक की लड़ाई में रॉकेट लांचर दागकर एक अन्य आतंकवादी को मार डाला तथा तीसरे को घायल कर दिया। घावों से अत्यधिक रक्तस्राव के कारण यह अफसर वीरगति को प्राप्त हो गए।

लेफ्टिनेंट कनवदीप सिंह ने आतंकवादियों से लड़ाई में उत्कृष्ट वीरता, अनुकरणीय साहस और नेतृत्व का प्रदर्शन किया तथा भारतीय सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप बलिदान दिया।

3. **आईसी-62671 लेफ्टिनेंट धीरेन्द्र सिंह अत्री**
ए एस सी, 3 राजपूत (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 अक्तूबर, 2003)

लेफ्टिनेंट धीरेन्द्र सिंह अत्री ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक घुसपैठ के रास्ते पर एम्बुश लगाया। 18 अक्तूबर, 2003 को 0230 बजे एम्बुश पार्टी ने आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधियां देख गोलीबारी की। सुबह के प्रथम पहर में लेफ्टिनेंट अत्री ने घने जंगलों की तलाशी का नेतृत्व किया। एक नाले में छिपे आतंकवादियों ने उनकी पार्टी पर गोलीबारी कर दी। लेफ्टिनेंट अत्री की भीषण जवाबी गोलीबारी से न केवल दो आतंकवादियों को मारा बल्कि आतंकवादियों के पूर्ण दल को तितर-बितर कर दिया। गोलीबारी के दौरान आतंकवादियों की एक टुकड़ी नाले के किनारे उभरे भाग पर आ गई और गोलीबारी कर

लेफ्टिनेंट अत्री को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस संकट के समय में, व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना तथा अपनी पार्टी को और अधिक हानि पहुंचाने से आतंकवादियों को रोकने के लिए कृत संकल्प लेफ्टिनेंट अत्री ने रीढ़ की घातक चोट के कारण वीरगति को प्राप्त होने से पूर्व एक और आतंकवादी को घातक रूप से घायल कर दिया जिसकी मौत की, बाद में पुष्टि की गई। उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई से प्रेरित होकर उनके सैनिकों ने पांच और आतंकवादी मार डाले। इस प्रकार आतंकवादियों के सम्पूर्ण दल का सफाया हो गया। इस आपरेशन में बड़ी संख्या में हथियार, गोलाबारूद तथा मुद्रा बरामद की गई।

लेफ्टिनेंट धीरेन्द्र सिंह अत्री ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में उत्कृष्ट वीरता, अडिग साहस तथा प्रेरणादायक नेतृत्व का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

(अरुण मित्रा)
निदेशक

संख्या 128–प्रेज/2004 – राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को वीरतापूर्ण कार्यों के लिए **"शौर्य चक्र"** प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं:–

1. **कुमारी उदिता कर्माकर**
जलपाईगुड़ी, पश्चिमी बंगाल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 मार्च, 2000)

12 मार्च, 2000 की शाम को, जब कुमारी उदिता कर्माकर के माता-पिता घर से बाहर गए हुए थे, हथियार तथा पिस्तौलों से लैस चार डाकू उनके घर में घुस आए तथा उदिता की बहन के सिर पर पिस्तौल तान दिया। उन्होंने अलमारियों की चाबियां मांगी। डाकू कुछ जेवरात तथा अन्य कीमती सामान को लेकर एक कमरे से दूसरे कमरे में गए। उदिता ने उनका पीछा किया, उन्होंने उदिता को एक घूसा मारा। जब एक डाकू ने उदिता को टेलिफोन के तार से बांधने की कोशिश की तो उदिता ने दांतो से जोर से उसकी उंगली काटी। फिर उसने चिल्लाकर कहा कि उनके पिता जी पड़ोस में गए हैं तथा शीघ्र ही लौटेंगे। यह सुनकर, डाकूओं ने भागने की कोशिश की परन्तु उदिता ने उनमें से एक को पकड़ लिया तथा सहायता के लिए चिल्लाने लगी। डाकू ने पिस्तौल से उस पर चोट मार दी। उनके गालों पर चोटें आईं इसी बीच वहां बड़ी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई तथा डाकू को दबोच लिया।

कुमारी उदिता ने वीरतापूर्ण कार्य किया तथा सशस्त्र डाकुओं से भिड़ गई जिसके फलस्वरूप एक डाकू पकड़ा गया।

2. **कांस्टेबल के. सुदर्शन रेड्डी**
सीमा सुरक्षा बल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 30 सितम्बर, 2002)

आर-3 सीमा सुरक्षा बल तदर्थ बटालियन के एक अधीनस्थ अफसर तथा 18 अन्य रैंकों से गठित एक पार्टी को 30 सितंबर, 2002 को जम्मू-कश्मीर विधान-सभा चुनाव-2002 के दौरान गुलाब बाग निर्वाचन क्षेत्र

के अंतर्गत हसोट-II (चासना) के मतदान बूथ संख्या 17-ए की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात किया गया था। लगभग 2200 बजे, चासना गाँव में कुछ व्यक्तियों की संदिग्ध हरकतों की सूचना मिलने पर मतदान केंद्र की सुरक्षा के लिए कांस्टेबल सुदर्शन रेड्डी के साथ एक अन्य कांस्टेबल को पीछे छोड़कर पार्टी कमांडर उस क्षेत्र की गश्त के लिए चला गया। लगभग आधी रात को कांस्टेबल सुदर्शन रेड्डी ने कुछ व्यक्तियों को, जो आतंकवादी थे, बूथ की ओर आते देख उन्हें ललकारा। आतंकवादियों ने उस पर भारी गोलीबारी कर दी। उसने जबावी गोलीबारी की और अपने पार्टी कमांडर को सूचित किया। उन्होंने कुमुक के पहुंचने तक आतंकवादियों को उलझाए रखा। अपने जीवन की परवाह किए बिना उच्च स्तर के साहस का प्रदर्शन करते हुए वे रेंगकर आतंकवादियों के निकट पहुंचे तथा उन पर गोलियां दागी। गोलीबारी के आदान-प्रदान में उन्हें गोलियां लगी परन्तु घावों के कारण वीरगति को प्राप्त होने से पूर्व उन्होंने आतंकवादियों पर गोलीबारी जारी रखी। इसी बीच, कुमुक पहुंच गई और आतंकवादी भाग गए। कांस्टेबल सुदर्शन रेड्डी के वीरतापूर्ण कार्य तथा सर्वोच्च बलिदान के परिणामस्वरूप चुनाव स्टॉफ की जिंदगियां बची तथा चुनाव प्रक्रिया में गड़बडी को रोका जा सका।

कांस्टेबल सुदर्शन रेड्डी ने ड्यूटी के निष्पादन में उत्कृष्ट वीरतापूर्ण कार्रवाई, अडिग साहस का प्रदर्शन करते हुए अपना जीवन बलिदान कर दिया।

3. **कोड संख्या 2780 श्री शिरिंग दोरजी**
दिहाड़ी मजदूर, सीमा सड़क संगठन

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 दिसम्बर, 2002)

मणिपुर राज्य के इम्फाल जिले के कैथलमानबी में 17 असम राइफल के एल पी परियोजना पर अस्पताल भवन निर्माण के अंतर्गत श्री शिरिंग दोरजी, दिहाड़ी मजदूर को 15 दिसंबर, 2002 की रात, संतरी के रूप में तैनात किया गया था।

अस्पताल भवन में, परियोजना कार्य हेतु कीमती निर्माण सामग्री का भण्डारण किया गया था। 15 दिसंबर, 2002 को 0030 बजे मुखौटा लगाए हुए 10-12 आदमियों ने चोरी के इरादे से भवन में प्रवेश करने की कोशिश की। श्री शिरिंग दोरजी ने उनको ललकारा, हल्ला मचाया और "खुखरी" दिखाकर उन्हें रोकने की कोशिश की। चोरों ने श्री शिरिंग दोरजी पर हमला कर दिया लेकिन वे अपने पैरों पर खड़े रहे तथा घाव लगने के बावजूद वे हल्ला मचाते रहे। सही समय पर शोर मचाने के कारण, पास में तैनात असम राइफल के कार्मिक सहायता करने आ गए तथा चोरों को भागना पड़ा। व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल परवाह किए बिना श्री शिरिंग दोरजी के वीरतापूर्ण कार्य के फलस्वरूप मूल्यवान सामान को बचाया जा सका।

श्री शिरिंग दोरजी ने सशस्त्र चोरों के समक्ष सूझबूझ, पहल-शक्ति, अदम्य साहस तथा दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया।

4. **श्री विवेक सक्सेना, सहायक कमांडेंट**
सीमा सुरक्षा बल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 8 जनवरी, 2003)

जिला चंदेल (मणिपुर) के गांव साजिक तंपक में आतंकवादियों की उपस्थिति की विशिष्ट सूचना के आधार पर 8/9 जनवरी, 2003 की रात को श्री विवेक सक्सेना, सहायक कमांडेंट, द्वितीय बटालियन बी एस एफ, के नेतृत्व में एक कंपनी ने गांव को घेरकर तलाशी आपरेशन शुरू किया। अचानक आतंकवादियों ने पहाड़ी की चोटी से उन पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। तीव्रता से प्रति-कार्रवाई करते हुए श्री सक्सेना ने अपनी एल एम जी लगाई तथा अत्याधुनिक स्वचालित हथियारों से युक्त लगभग 250 आतंकवादियों पर जवाबी गोलीबारी की। आतंकवादियों की संख्या अधिक होने तथा भारी गोलीबारी के बावजूद श्री सक्सेना घबराए नहीं तथा उपलब्ध संसाधनों से आक्रमण किया। व्यक्तिगत सुरक्षा की किंचित भी परवाह किए बिना वह एक प्लाटून से दूसरी प्लाटून तक दौड़-दौड़कर सैनिकों को प्रोत्साहित करते रहे।

अंधेरा होने तक गोलीबारी चलती रही। धुंधली रोशनी का लाभ उठाते हुए आतंकवादी फिर से एकत्रित हुए तथा बी एस एफ की पार्टी के दांये पार्श्व पर भयंकर आक्रमण कर दिया। श्री सक्सेना ने अपने सैनिकों को व्यस्थापित किया तथा आतंकवादियों के आक्रमण को कारगर ढंग से पीछे धकेल दिया। धैर्य तथा साहस से श्री सक्सेना ने आतंकवादियों के आक्रमण को विफल कर दिया। श्री सक्सेना रेंगकर आगे बढ़े तथा आतंकवादियों को उलझाए रखा तथा सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए अपने सैनिकों को गोलीबारी की आड़ दी। उनकी अचूक गोलीबारी से तीन आतंकवादी मारे गए। कार्रवाई के दौरान उन पर आतंकवादियों की ओर से गोलियों की बौछार हो गई तथा आतंकवादियों के साथ लड़ाई में उन्होंने अपने जीवन का बलिदान कर दिया।

श्री विवेक सक्सेना ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में उत्कृष्ट वीरतापूर्ण कार्रवाई, अडिग साहस, निःस्वार्थता, अटल नेतृत्व के गुणों का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

5. **एस जी कांस्टेबल फारूक अहमद**
जम्मू-कश्मीर पुलिस (मरणोपरांत)

और

6. **कांस्टेबल अब्दुल रशीद**
जम्मू-कश्मीर पुलिस (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 मई, 2003)

12 मई, 2003 को एस जी कांस्टेबल फारूक अहमद जम्मू-कश्मीर बैंक शाखा, शोपियां, पुलवामा में गार्ड प्रभारी के रूप में तैनात थे तथा कांस्टेबल अब्दुल रशीद गार्ड चौकी में ड्यूटी पर तैनात थे। लगभग 1145 बजे पिस्तौल से युक्त बुरका पहने हुए एक आतंकवादी ने बैंक में घुसने की कोशिश की। कांस्टेबल अब्दुल रशीद ने उसे अंदर घुसने नहीं दिया तथा पकड़ लिया जिस कारण दोनों में हाथपाई हो गई। इसी बीच ए. के. राइफलों से युक्त 5-6 मुखौटा पहने आतंकवादी बैंक में घुस गए। एक आतंकवादी ने हवा में गोली

चलाई तथा बैंक कर्मचारियों और ग्राहकों से लेटने के लिए कहा। बैंक के अन्दर ड्यूटी कर रहे कांस्टेबल फारूक ने तिजोरी की तरफ बढ़ रहे आतंकवादियों को ललकारा। एक आतंकवादी ने गोली चलाकर उसे घायल कर दिया। घायल होने के बावजूद कांस्टेबल फारूक अहमद ने जमीन पर तुरंत मोर्चा संभाला तथा जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी को घायल कर दिया। दोनों ओर से भारी गोलीबारी शुरू हो गई तथा कांस्टेबल फारूक अहमद तथा कांस्टेबल अब्दुल रशीद दोनों गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में, घावों के कारण दोनों वीरगति को प्राप्त हो गए। उनकी बहादुरी तथा सही समय पर कार्रवाई से आतंकवादियों को बिना बैंक लूटे भागना पड़ा। इस प्रकार लगभग 90 लाख रुपए लूटने का प्रयास विफल हुआ।

एस जी कांस्टेबल फारूक अहमद तथा कांस्टेबल अब्दुल रशीद ने उत्कृष्ट वीरतापूर्ण कार्रवाई, अडिग साहस तथा अनुकरणीय कर्त्तव्य-परायणता का प्रदर्शन किया और दोनों ने अपने जीवन को सर्वोच्च बलिदान किया जिसके कारण बैंक डकैती टल गई।

7. **श्री दिलीप अग्रवाल**
इंदौर, मध्यप्रदेश (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 मई, 2003)

19 मई, 2003 की रात को लगभग 10.40 बजे अग्रवाल नगर, इंदौर में दो अज्ञात हमलावरों ने श्रीमती उमा गुप्ता की सोने की जंजीर झटकने की कोशिश की। उन्होंने उनको चाकू घोंप दिया तथा घसीटने लगे। श्रीमती गुप्ता सहायता के लिए चिल्लाई। चिल्लाने की आवाज सुन कर श्री दिलीप अग्रवाल महिला की सहायता के लिए घटनास्थल की ओर दौड़े। वे श्रीमती गुप्ता की रक्षा के लिए हमलावरों से भिड़ गए। हमलावरों ने उनके पेट में चाकू घोंप कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद, लूटेरे भाग खड़े हुए तथा श्रीमती गुप्ता के गहनों को नहीं ले जा सके। श्री अग्रवाल को अस्पताल ले जाना पड़ा। 5.6.2003 को वे घावों के कारण चल बसे।

श्री दिलीप अग्रवाल के असाधारण साहसिक कार्य से न केवल श्रीमती उमा गुप्ता का जीवन बच गया बल्कि उनके गले की जंजीर तथा कानों की बालियों को छीनने का हमलावरों का प्रयास भी विफल हुआ। इस कार्य के दौरान श्री दिलीप अग्रवाल ने एक अनजान महिला की मदद के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया तथा दूसरों के अनुकरण करने के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया।

8. **आईसी-60945 कैप्टन पेरीकलमकटील अब्राहम मैथ्यू, सेना मेडल**
3 सिख

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 21 जुलाई, 2003)

कैप्टन पेरीकलमकटील अब्राहम मैथ्यू, राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर बटालियन एडज्यूटेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं।

21 जुलाई, 03 को एक गांव में आतंकवादी होने की सूचना मिलने पर कैप्टन मैथ्यू एक त्वरित कार्रवाई

दल के साथ तुरंत चल पड़े तथा संदिग्ध मकान को घेर लिया। तत्पश्चात्, मक्के के खेत में छिपे आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी शुरू होने तक वे आगे बढ़ते रहे। अपने दल को पुनः व्यवस्थापित करने के बाद वे और आगे बढ़े तथा भयंकर मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार दिया जबकि उनके सिर में भी गंभीर चोटें आई। अनेक घावों के बावजूद कैप्टन मैथ्यू रेंगकर आगे बढ़े और मूर्छित होने से पहले हथगोला फेंककर दूसरे आतंकवादी का सफाया कर दिया।

कैप्टन पेरीकलमकटील अब्राहम मैथ्यू, सेना मेडल, ने गंभीर घावों के बावजूद निकट की लड़ाई में दो आतंकवादियों को मारते हुए असाधारण वीरता तथा अडिग साहस का प्रदर्शन किया।

9. **जेसी-448779 सूबेदार प्रित पाल सिंह**
4 ग्रेनेडियर

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 अगस्त, 2003)

17 अगस्त, 2003 को तलाशी तथा सफाया आपरेशन के दौरान सूबेदार प्रित पाल सिंह ने जंगल में कुछ आतंकवादियों की उपस्थिति की पुख्ता जानकारी जुटाई तथा तलाशी का स्वेच्छा से नेतृत्व किया। लक्षित क्षेत्र में पहुंचने पर उन्होंने एक आतंकवादी को देखा। आतंकवादी ने उन पर गोली चलाई। सूबेदार प्रित पाल सिंह ने तुरंत जवाबी गोलीबारी की और आतंकवादी को मौके पर ही मार डाला।

इससे ढोक में छिपे अन्य आतंकवादी सावधान हो गए और उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उनमें से दो बाहर आए तथा हथगोला फेंककर नाले की ओर भाग गए। हथगोले के फटने से सूबेदार प्रित पाल सिंह छर्रों से घायल हो गए। घायल होने के बावजूद, आतंकवादियों की गोलीबारी की बौछार के बीच वह ढोक की ओर रेंगकर आगे बढ़े तथा दो हथगोले अंदर फेंके। अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना और अडिग साहस का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने व्यक्तिगत रूप से ढोक पर धावा बोल दिया तथा गोलीबारी की भयंकर लड़ाई में और दो आतंकवादियों का सफाया कर दिया।

सूबेदार प्रित पाल सिंह ने आतंकवादियों का सामना करते हुए असाधारण वीरता, अडिग साहस, पहल-शक्ति तथा सूझबूझ का प्रदर्शन किया।

10. **2885672 लांस नायक देशपाल सिंह**
राजपूताना राइफल/9 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 अगस्त, 2003)

17 अगस्त, 2003 को लांस नायक देशपाल सिंह जम्मू-कश्मीर के जिला अनंतनाग के एक गांव में घेराबंदी तथा तलाशी अभियान में एक स्टॉप में शामिल थे।

जब घेरा स्थापित किए जाने की प्रक्रिया चल रही थी, भागने की नाकाम कोशिश में तीन आतंकवादी

चारों दिशाओं में गोलियों की बौछार करते हुए तथा हथगोले फेंकते हुए गांव के भीतर स्थित एक घर से बाहर आए। लांस नायक देशपाल सिंह उस स्टॉप में थे और यह स्टॉप आतंकवादियों की गोलीबारी की सीधी रेखा में था। अदम्य युद्ध भावना का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अपने साथियों को सुरक्षित आड़ लेने के लिए कहा जबकि वे अकेले ही आतंकवादियों से उलझे रहे। आमने-सामने की लड़ाई में लांस नायक देशपाल सिंह के बाजू में गोली लगी परंतु गंभीर घाव के बावजूद उन्होंने एक आतंकवादी को मौके पर ही मार गिराया। व्यक्तिगत सुरक्षा और अत्यधिक रक्तस्राव की किंचित भी परवाह किए बिना वे बार-बार गोलियों के सामने आते रहे तथा आतंकवादियों को उलझाए रखा। लांस नायक देशपाल सिंह को एक बार फिर से चेहरे पर गोली लगी परंतु वह बहादुर सैनिक अडिग रहा। यद्यपि वे बेहोश हो रहे थे परंतु एक अन्य भागते आतंकवादी को गोली से घायल कर दिया जिससे उनके बच निकलने के प्रयास को असफल कर दिया। घातक घावों के बावजूद इस अद्वितीय प्रयास से उनके साथियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी तथा इससे घायल आतंकवादी को मार गिराने में मदद मिली। बाद में वे अपने घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

लांस नायक देशपाल सिंह ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में कर्तव्य परायणता से बढ़कर उत्कृष्ट वीरता, व्यक्तिगत साहस का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

11. **एसएस-37068 मेजर संजय सिंह तंवर, सेना मेडल एवं बार**
16 पंजाब

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 अगस्त, 2003)

18 अगस्त, 2003 को मेजर संजय सिंह तंवर ने पूर्वी सेक्टर में एक नदी के किनारे एक एम्बुश लगाया। उन्होंने थर्मल इमेजर के माध्यम से देखा कि तीन व्यक्ति पानी के रास्ते थैले ले जा रहे हैं। कुशाग्र बुद्धि तथा दक्षता का परिचय देते हुए उन्होंने यह सोचकर उनका पीछा करने की आवश्यकता महसूस की कि वे सम्भवतया आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने पर राशन की आपूर्ति करने जा रहे हैं। आधे घंटे तक उच्च स्तर के युद्ध कला तथा क्षेत्र कौशल का इस्तेमाल करते हुए चुपचाप उनका पीछा करने के बाद उन्होंने घने जंगल के भीतर अस्थायी छिपने के ठिकाने के पास सशस्त्र आतंकवादियों को देखा।

उत्कृष्ट रणनीति कुशाग्र बुद्धि को प्रदर्शित करते हुए मेजर तंवर ने अपनी पार्टी को तीन छोटी टुकड़ियों में बांट दिया। आतंकवादियों का पड़ोसी देश की ओर जाने वाले रास्ते को रोकने के लिए दो स्टॉप लगाए गए और अस्थायी ठिकाने पर दबिश देने के लिए उन्होंने तीसरे दल का नेतृत्व स्वयं किया। चट्टानों पर रेंगकर आगे से नेतृत्व करते हुए तथा खराब मौसम में ऊबड़खाबड़ जमीन तथा घने जंगल का पूर्ण इस्तेमाल करते हुए वे लक्षित क्षेत्र के और अधिक निकट गये तथा अचूक गोलीबारी से एक आतंकवादी का सफाया कर दिया। शेष आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों का इस्तेमाल करते हुए अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी तथा हथगोले फेंके। गोलीबारी तथा हथगोलों के विस्फोट से घबराए बिना वे रेंगकर आगे बढ़े तथा दूसरे आतंकवादी को भी मार गिराया। तेज तथा निर्भीक कार्रवाई से हैरान होकर तीसरे आतंकवादी ने बच निकलने के हताश प्रयास में अंधाधुंध गोलीबारी की। अदम्य युद्ध भावना, दृढ़ता तथा जागरूकता का परिचय देते हुए वे और निकट आए तथा तीसरे आतंकवादी को ढेर कर दिया।

मेजर संजय सिंह तंवर ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में दृढ़ संकल्प, रणनीति, कुशाग्र बुद्धि, अडिग साहस, फौलादी इरादे और उत्कृष्ट वीरता का प्रदर्शन किया।

12. **3183694 नायक अनिल कुमार**
16 जाट, (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 अगस्त, 2003)

नायक अनिल कुमार 23 अगस्त, 2003 की रात को सीमा पर से घुसपैठ कर चुके एक आतंकवादी को फांसने के लिए लगाई गई एम्बुश पार्टी में शामिल थे। 24 अगसत, 2003 को 0600 बजे क्षेत्र की तलाशी लेने का निर्णय लिया गया। एम्बुश पार्टी को तीन उप-दलों में बांटा गया। नायक अनिल कुमार उप-दल में शामिल थे। क्षेत्र की तलाशी के दौरान अचानक घनी झाड़ियों से आतंकवादी बाहर आया तथा ए के राइफल से गोली चलाई और हथगोले फेंके। नायक अनिल कुमार सूझबूझ, निःस्वार्थता तथा अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए अपने साथियों के समाने कूद गए तथा स्वयं गोलियों के सामने आ गए तथा उसी समय जवाबी गोलीबारी से आतंकवादी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। छाती तथा बाजू पर गोली लगने के कारण नायक अनिल कुमार मौके पर ही वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके सर्वोच्च बलिदान से उनके साथी सैनिकों की जानें बच गईं।

नायक अनिल कुमार ने अदम्य साहस, निःस्वार्थता का प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च बलिदान करके अपने साथियों की जानें बचाईं।

13. **कांस्टेबल बलबीर सिंह**
सीमा सुरक्षा बल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 30 अगस्त, 2003)

नूरबाग (श्रीनगर) के एक घर में एक कट्टर आतंकवादी अर्थात राणा ताहिर नदीम उर्फ गाजी बाबा, जे ई एम, के मुख्य आपरेशन कमांडर की उपस्थिति की विशिष्ट सूचना के आधार पर 30 अगस्त, 2003 को सीमा सुरक्षा बल द्वारा एक घेराबंदी तथा तलाशी आपरेशन शुरू किया गया था। श्री नरेंद्रनाथ धर दुबे, सेकेंड-इन-कमांड ने कांस्टेबल बलबीर सिंह एवं अन्य अफसरों/कार्मिकों के साथ घर का दरवाजा तोड़कर अन्दर प्रवेश किया। घर के भू-तल तथा प्रथम तल की तलाशी ली। घर के द्वितीय तल में पहुंचने पर उसे खाली पाया। तथापि, श्री दुबे को कमरे में विचित्र ढंग से रखी दो अलमारियों को देखकर शक हुआ। उन्होंने कार्मिकों को आड़ लेने तथा अलमारी पर लगे दर्पण को तोड़ने के लिए कहा। दर्पण टूटने पर चोर दरवाजा खुल गया तथा इसमें छिपे आतंकवादियों ने गोलियों की भारी बौछार कर दी तथा हथगोले फेंके। कांस्टेबल बलबीर सिंह सहित श्री दुबे को अनेक गोलियां लगीं। घायल होने के बावजूद दोनों ने जवाबी गोलीबारी की। एक आतंकवादी छिपने के ठिकाने से बाहर कूदा तथा नजदीक से श्री दुबे पर गोली चलाने ही वाला था कि तभी कांस्टेबल बलबीर सिंह व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना कूद कर अफसर के आगे आ गए।

कांस्टेबल बलबीर सिंह के पेट में गोलियां लगीं परंतु उससे अपने अफसर की जान बचा दी। मौके पर ही घावों के कारण वीरगति को प्राप्त होने तक वह आतंकवादी पर गोलियां चलाता रहा।

कांस्टेबल बलबीर सिंह ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना उत्कृष्ट वीरतापूर्ण कार्रवाई, अडिग साहस तथा अनुकरणीय कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

14. **जेसी-428838 नायब सूबेदार अजीत सिंह,**
पंजाब/37 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 21 सितम्बर, 2003)

21 सितम्बर 2003 को उत्तरी सेक्टर के एक गांव में खोजी आपेरशन के दौरान नायब सूबेदार अजीत सिंह दल का नेतृत्व कर रहे थे। 0930 बजे नायब सूबेदार अजीत सिंह को जंगल में दो आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली। उन्होंने अपनी टीम को तैनात किया और जब वे अपने साथी के साथ घनी झाड़ियों में रेंगते हुए आगे बढ़ रहे थे तभी आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी कर दी। इस भारी गोलीबारी से भयभीत हुए बिना वह आगे बढ़े और नाले की ओर भाग रहे एक आतंकवादी को मार गिराया। इस कार्रवाई में उनके साथी के दाएं कंधे में गोली लगी जबकि उनके सीने, गर्दन ओर पेट में कई गोलियां लग गईं। अपने जख्मों की परवाह किए बिना वह अपने साथी को बचाकर सुरक्षित स्थान पर ले गए और दूसरे आतंकवादी से भिड़ पड़े। अत्यधिक खून बहने के बावजूद वह अंधाधुंध गोलियां बरसा रहे आतंकवादी की ओर खिसकते गए और आमने-सामने की लड़ाई में उसे मार डाला। वह अंतिम सांस तक अपनी टीम का मार्गदर्शन करते हुए उनका मनोबल बढ़ाते रहे और वीरगति को प्राप्त हो गए।

नायब सूबेदार अजीत सिंह ने आतंकवादियों से लड़ते समय अदम्य साहस, असाधारण वीरता, प्रेरणादायक नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

15. **एसएस-37780 मेजर आदित्य चौहान**
6 महार

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 10 सितम्बर, 2003)

10 सितंबर, 2003 को मेजर आदित्य चौहान एक खोजी दल के कमांडर थे। घने मक्का के खेतों से घिरा हुआ प्रतिकूल भू-भाग होने के कारण खोज का कार्य जोखिम भरा तथा कठिन था। खोज के दौरान, दल संदिग्ध क्षेत्र में पहुंच गया और मक्के के खेत से की गई गोलियों की बौछार और हथगोलों की चपेट में आ गया। गोलीबारी की परवाह किए बिना मेजर आदित्य चौहान सभी की आड़ और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दल के एक-एक व्यक्ति के पास गए। अपनी सूझबूझ तथा चतुर नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए मेजर आदित्य ने सहायक दल को आतंकवादियों से भिड़ने का आदेश दिया। अपने साथी द्वारा दी गई आड़ में वे रेंगते हुए आगे बढ़े और एक आतंकवादी को मार गिराया। दूसरे आतंकवादी की भारी गोलीबारी के बीच

और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना मेजर आदित्य मक्के के खेत में आगे बढ़े और उसे भी मार गिराया।

मेजर आदित्य चौहान ने इस लड़ाई में अनुकरणीय साहस, कर्त्तव्य परायणता तथा असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

16. **4571437 सिपाही किरण कुमार**
6 महार (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 11 सितम्बर, 2003)

सिपाही किरण कुमार एक उत्कृष्ट स्काउट थे। 11 सितंबर, 2003 को 0900 बजे विशिष्ट सूचना मिलने पर घातक प्लाटून ने संदिग्ध क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। सिपाही किरण कुमार सहित घातक दल के साथ एक अफसर और उसके साथी यूनिट ट्रेकर डॉग के सहारे उस क्षेत्र में पहुंचे। अचानक ही मक्के के खेत में सिपाही किरण कुमार के साथी पेड़ के पीछे से की गई गोलियों की बौछार की चपेट में आ गए। सिपाही किरण कुमार अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना तथा आतंकवादी की लगातार गोलीबारी और हथगोलों से भयभीत हुए बिना आगे बढ़कर आतंकवादी के निकट पहुंचे और उसे मार गिराया तथा अपने साथियों की जान बचाई। रेंगते समय सिपाही किरण कुमार दूसरे आतंकवादी के सामने आ गए। दोनों ने एक साथ गोली चलाई, किंतु दूसरा आतंकवादी मारा गया। इस साहसिक कार्रवाई में सिपाही किरण कुमार के सिर में गोली लग गई और वे सुरक्षित स्थान पर ले जाते समय अपने जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

सिपाही किरण कुमार ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना आतंकवादियों की गोलियों के समाने उत्कृष्ट वीरता, निःस्वार्थ समर्पण और अद्वितीय सखा भाव का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान किया ।

17. **3181886 नायक मुन्ना लाल मुन्डेल**
9 जाट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 सितम्बर, 2003)

नायक मुन्ना लाल मुन्डेल उस त्वरित कार्रवाई दल के सदस्य थे जिसने 18 सितंबर, 2003 को जम्मू-कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में अपनी चौकी पर आतंकवादियों द्वारा बोले गए धावे को विफल कर दिया था।

नायक मुन्ना लाल मुन्डेल ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करते हुए नियंत्रण रेखा पर आतंकवादी छापामार दल पर उग्र रूप से हमला कर दिया। जब त्वरित कार्रवाई दल पत्थरों के पीछे छिपे आतंकवादियों की खतरनाक गोलीबारी की चपेट में आ गया, तो वे पत्थरों के निकट पहुंचे और हथगोला फेंकते हुए आतंकवादियों पर टूट पड़े। घिर जाने पर, आतंकवादी भी उनकी

ओर झपट पड़े किंतु सैनिकोचित दक्षता का प्रदर्शन करते हुए नायक मुन्ना लाल मुन्डेल ने भयंकर आमने-सामने की लड़ाई में दो आतंकवादियों को, जिनमें से एक को गुत्थम-गुत्था की लड़ाई में कमांडो की खंजर से मार डाला और अपनी अति संवेदनशील चौकी तथा अपने साथियों की जान बचा ली। भाग रहे आतंकवादियों का पीछा करते समय एक बारूदी सुरंग पर उनका पैर पड़ गया और वे गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। वे भाग रहे आतंकवादियों से धैर्य के साथ जूझते रहे जो अपने पीछे आठ साथियों के शव और भारी मात्रा में हथियार तथा गोलाबारूद छोड़ गए थे।

नायक मुन्ना लाल मुन्डेल ने उत्कृष्ट तथा असाधारण वीरता, अद्वितीय साहस और युद्ध-भावना का प्रदर्शन किया।

18. **जेसी-488932 सूबेदार खिलौना सिंह**
14 जाट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 सितम्बर, 2003)

सूबेदार खिलौना सिंह जम्मू-कश्मीर के जिला रजौरी में नियंत्रण रेखा पर घातक प्लाटून कमांडर के रूप में कार्य कर रहे थे।

19 सितंबर, 2003 को एक अफसर के नेतृत्व में घेराबंदी व तलाशी कार्रवाई के दौरान सूबेदार खिलौना सिंह और उनके साथी की मुठभेड़ दो आतंकवादियों के साथ बहुत ही निकट से हो गयी। उनका साथी आतंकवादी की गोली से जख्मी हो गया। अपने साथी के करीब मौजूद सूबेदार खिलौना सिंह ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए अपने साथी के साथ तत्काल आतंकवादी पर टूट पड़े और प्राणघातक रूप से जख्मी हो जाने पर भी दोनों ने एक-एक आतंकवादी को गुत्थम-गुत्था की लड़ाई में मार डाला।

सूबेदार खिलौना सिंह ने भारतीय सेना की श्रेष्ठ परम्पराओं के अनुरूप असाधारण वीरता और प्रेरणादायक नेतृत्व का प्रदर्शन कर सर्वोच्च बलिदान किया तथा अपने साथियों के प्राण बचाए।

19. **जेसी-429470 नायब सूबेदार बाबू राम**
25 पंजाब

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 27 सितम्बर, 2003)

नायक सूबेदार बाबु राम नियंत्रण रेखा पर 'आपरेशन रक्षक तथा आपरेशन पराक्रम' के दौरान घातक प्लाटून कमांडर रह चुके हैं।

27 सितंबर, 2003 को जम्मू-कश्मीर में जिला पुंछ के एक गांव के मक्के के खेत में घेराबंदी तथा तलाशी कार्रवाई करते समय नायब सूबेदार बाबु राम का तीन आतंकवादियों से आमना-सामना हो गया जिन्होंने इन पर गोलियां चला दीं। अपने लिए गम्भीर खतरे की परवाह न करते हुए ये तुरंत ही गोलियां बरसाते हुए झपट पड़े और पहले आतंकवादी को गोली मार दी तथा दूसरे आतंकवादी पर हमला बोलकर

उसे बहुत ही नजदीक से मार गिराया। तीसरे आतंकवादी ने तत्काल मोर्चा संभाल लिया किंतु इसी बीच हटकर इन्होंने भी पुनः मोर्चा संभाल लिया और अपने साथी द्वारा उस आतंकवादी को मार गिराए जाने तक उससे पुनः उलझ पड़े।

03 अक्तूबर, 2003 को अग्रवर्ती रक्षित स्थान के निकट घात के समय तीन आतंकवादियों के एक दल को दो मीटर के रेंज के भीतर आने दिया और हथियार सटाकर गोलियां बरसाते हुए अगले आतंकवादी को मार गिराया जबकि अन्य दो आतंकवादी इनके साथियों द्वारा मारे गए।

नायब सूबेदार बाबु राम ने अत्यधिक निकट से की गई लड़ाई में तीन आतंकवादियों को मारने में गम्भीर खतरा होने के बावजूद उच्च कोटि की असाधारण वीरता, नेतृत्व और व्यावसायिकता का बार-बार प्रदर्शन किया है।

20. **13622724 पैराट्रूपर चेतन कुमार राणा**
पैरा/31 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 06 अक्तूबर, 2003)

06 अक्तूबर, 2003 को राष्ट्रीय राइफल यूनिट के एक दल, जिसके पैराट्रूपर चेतन कुमार राणा सदस्य थे, ने उत्तरी सेक्टर के एक जनरल एरिया में 1500 बजे तलाशी और सफाया मिशन चलाया। इस दल को एक घर में आतंकवादियों की मौजूदगी का सन्देह हुआ। स्काउट और प्वाइंट स्क्वाड ने तत्काल उस घर की घेराबंदी कर दी। सैनिकों द्वारा घर की तलाशी लेते समय दो आतंकवादी अचानक हथगोले फेंकते और गोलियां बरसाते हुए बाहर आ गए जिससे बाहर निकलने के मार्ग को घेरे खड़े पैराट्रूपर चेतन कुमार तथा अन्य सैनिक घायल हो गए। अपने सैनिकों पर गंभीर खतरे को देखते हुए, सीने में गोली लगने और हथगोलों के छर्रे से घायल होने के बावजूद अडिग रहते हुए, पैराट्रूपर चेतन कुमार राणा ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए अदम्य साहस का प्रदर्शन किया और अपने हथियार से गोलियां बरसाते हुए आगे बढ़ रहे आतंकवादियों पर धावा बोल दिया तथा अपने जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त होने से पहले एक साहसिक कार्रवाई में दोनों आतंकवादियों को मार गिराया।

पैराट्रूपर चेतन कुमार राणा ने आतंकवादियों से लड़ते समय असाधारण वीरता, अनुकरणीय अदम्य साहस का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

21. **56575 हवलदार रामाकान्त सिंह**
5 असम राइफल्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 13 अक्तूबर, 2003)

13 अक्तूबर, 2003 को लगभग 1000 बजे एक अफसर, एक जूनियर कमीशन अफसर तथा 18 अन्य रैंकों वाली एक सैन्य टुकड़ी ने पूर्वी सेक्टर के एक जनरल एरिया में क्षेत्र आधिपत्य गश्त लगाते समय लगभग 100 गज की दूरी पर दो व्यक्तियों को धान के खेत में भागते हुए देखा। हवलदार रामाकान्त के नेतृत्व में स्काउट पार्टी उनका तत्काल पीछा करने लगी। पीछा किए जाने पर, आतंकवादियों ने उनकी स्काउट पार्टी पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। हवलदार रामाकान्त सिंह धान के खेतों में से पीछा करते हुए भाग रहे आतंकवादियों पर गोली चलाई और उनमें से एक को घायल कर दिया। आतंकवादी पहाड़ी तक पहुंच गए और ऊपर चढ़ने लगे। हवलदार रामाकान्त सिंह और उनके दल ने आतंकवादियों का लगातार पीछा किया और तलाशी के लिए नजदीक जाते समय उनके ऊपर घायल आतंकवादी ने गोलियों की बौछार कर दी जो झाड़ियों में छिपा था। गोली लगने से जख्मी हो जाने के बावजूद हवलदार रामाकान्त सिंह अपने हथियार से गोलियां बरसाते रहे और एक आतंकवादी पर धावा बोलकर उसे तुरंत मार डाला। वह गोलियां लगने से जख्मी हो जाने के कारण मौके पर ही वीरगति को प्राप्त हो गए।

हवलदार रामाकान्त सिंह अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह करने में अदम्य साहस, दृढ़-निश्चय, अंतिम समाधान, साथीभाव का प्रदर्शन किया और सर्वोच्च बलिदान दिया।

22. **13688382 हवलदार वीरेन्द्र सिंह**
गार्ड्स/21 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 अक्तूबर, 2003)

हवलदार वीरेन्द्र सिंह उत्तरी सेक्टर में तलाश व मुठभेड़ गश्त दल के सदस्य थे। लगभग 1910 बजे, दो आतंकवादियों ने सिविलियन के भेष में अचानक ही गश्त दल पर कारगर गोलीबारी कर दी। गोलियों की पहली बौछार में हवलदार वीरेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने वहां से तत्काल हटने से मना कर दिया और गहरे अंधेरे में गश्त दल का नेतृत्व करते रहे। व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए वह गोली चलने की दिशा की ओर दौड़े और अकेले ही दोनों आतंकवादियों को मार डाला। हवलदार वीरेन्द्र सिंह के इस तात्कालिक अदम्य साहस के परिणामस्वरूप गश्त दल के अन्य सदस्यों की जान बच गई। इस सैन्य कार्रवाई में तीन ए के 47 राइफल, एक डिस्पोजल राकेट लांचर, तीन हथगोले, अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर, एक रेडियो सेट और अन्य युद्ध-सामग्रियां बरामद की गईं। किंतु, अपने घावों के कारण हवलदार वीरेन्द्र सिंह वीरगति को प्राप्त हो गए।

हवलदार वीरेन्द्र सिंह ने आतंकवादियों से लड़ते समय उत्कृष्ट वीरता, अटल रहने की असाधारण शक्ति, अदम्य साहस और कर्त्तव्य से बढ़कर आक्रामक भावना का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

23. **5349939 राइफलमैन हस्त बहादुर गुरुंग**
4/4 गोरखा राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 अक्तूबर, 2003)

20 अक्तूबर, 2003 को पूर्वी सेक्टर के जनरल एरिया में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशिष्ट सूचना के आधार पर 0300 बजे तलाशी तथा सफाया कार्रवाई के लिए घातक प्लाटून बनाई गई।

22 अक्तूबर, 2003 को गांव के तंग मार्ग को पार करते समय घातक दस्ते पर भारी गोलाबारी हो गई, जिससे आगे बढ़ रहा दल घिर गया। सघन और कारगर गोलीबारी के बीच आगे बढ़ना कठिन हो गया। अपनी स्नाइपर राइफल के साथ राइफलमैन हस्त बहादुर गुरुंग अदम्य साहस तथा सूझबूझ का परिचय देते हुए अनुकूल स्थान तक पहुंचने के लिए रेंगते हुए आगे बढ़े। अनुकूल स्थान पर पहुंचकर राइफलमैन हस्त बहादुर गुरुंग ने आगे बढ़ रहे दल पर स्वचालित हथियार से गोलीबारी कर रहे एक आतंकवादी पर गोली चला दी और उसे मौके पर ही मार डाला। उनकी इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने आगे बढ़ रहे दल की बजाय राइफलमैन हस्त बहादुर गुरुंग पर गोलीबारी शुरू कर दी। स्वयं पर हो रही भारी गोलीबारी की परवाह न करते हुए राइफलमैन हस्त बहादुर गुरुंग रेंगते हुए आगे बढ़े। अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी चिंता न करते हुए और अपनी जान को जोखिम में डालकर उन्होंने एक और आतंवादी को मार डाला। इस साहसिक कार्रवाई में राइफलमैन हस्त बहादुर गुरुंग को आतंकवादी की गोलियां लग गईं। बाद में जख्मों के कारण वह वीरगति को प्राप्त हो गए।

राइफलमैन हस्त बहादुर गुरुंग ने गोलीबारी के बीच अत्यधिक साहस और अति असाधारण वीरतापूर्ण कार्य का प्रदर्शन किया तथा राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान किया ।

24. **2694122 ग्रेनेडियर अर्जन सिंह**
12 ग्रेनेडियर (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 अक्तूबर, 2003)

आतंकवादियों की गतिविधियों के बारे में अपने स्रोतों से मिली विशिष्ट सूचना के आधार पर 22 अक्तूबर, 2003 को लगभग 2230 बजे यूनिट लोकेशन से जनरल एरिया के लिए एक सैन्य दस्ता चला। स्थानापन्न कमांडिंग अफसर ने घात दल का नेतृत्व किया। घात दल लगभग 0230 बजे उस क्षेत्र में पहुंचा और तैनात हो गया। लगभग 0610 बजे घात दल ने छह-सात आतंकवादियों के एक दल को घात स्थल की ओर आते देखा और जब आतंकवादी नजदीक आ गए तो उन्होंने गोलियां बरसाकर एक आतंकवादी को मौके पर ही मार डाला तथा अन्य कई आतंकवादियों को घायल कर दिया। आतंकवादी निकट के जंगलों में फैल गए और घात दल की ओर जवाबी गोलीबारी करने लगे। अपने कमांडिंग अफसर के साथ ग्रेनेडियर अर्जन सिंह ने भाग रहे आतंकवादियों का पीछा किया और भारी गोलीबारी के बावजूद नजदीक पहुंचे और दोनों ओर से हुई भारी गोलीबारी के बाद निजी हथियार से एक आतंकवादी को मार डाला। दोनों ओर से की गई गोलीबारी में ग्रेनेडियर अर्जन सिंह के कंधे के निकट ऊपरी बांए सीने में गोली लग गई। घायल हो जाने

के बावजूद, ग्रेनेडियर अर्जन सिंह ने वहां से हटने से मना कर दिया और आतंकवादियों से लड़ते रहे। एक अन्य आतंकवादी जंगल से निकलकर उनकी ओर बढ़ा किंतु वह भी ग्रेनेडियर अर्जन सिंह द्वारा मारा गया। दो और आतंकवादियों को उनके कमांडिंग अफसर ने मार गिराया। ग्रेनेडियर अर्जन सिंह को 23 अक्तूबर, 2003 को हेलीकाप्टर द्वारा सैन्य अस्पताल पहुंचाया गया, किंतु वे जख्मों के कारण उसी दिन वीरगति को प्राप्त हो गए।

ग्रेनेडियर अर्जन सिंह ने आतंकवादियों से लड़ते समय अदम्य साहस, वीरता, दृढ़-निश्चय का प्रदर्शन किया और सर्वोच्च बलिदान दिया।

25. **जेसी-488513 सूबेदार जयसिंह**
जाट/45 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 31 अक्तूबर, 2003)

सूबेदार जयसिंह राष्ट्रीय राइफल यूनिट में प्लाटून कमांडर के रूप में सेवारत हैं। 31 अक्तूबर, 2003 को जब उनकी जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिला के एक गांव में संदिग्ध घरों की आंतरिक घेराबंदी के लिए तैनाती की गई तो आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी कर दी जिसके परिणामस्वरूप भयंकर लड़ाई हो गई। सूबेदार जयसिंह ने कारगर लड़ाई के बावजूद अपनी घेराबंदी को पुनः व्यवस्थित किया और बड़ी दक्षता से लक्षित घर में आग लाग दी। खिड़की के रास्ते से भाग रहे एक आतंकवादी को उन्होंने मार गिराया। सूबेदार जयसिंह के स्टॉप पार्टी पर धावा बोलते हुए दो आतंकवादी घर से बाहर भागे उनमें से एक के पैर पर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बंधा हुआ देखा गया। आसन्न मृत्यु के सामने अति असाधारण वीरता का प्रदर्शन करते हुए अपने अधीनस्थों को बचाने के लिए सूबेदार जयसिंह अपने स्टॉप से बाहर आए और स्वचालित हथियार से आग उगलते हुए आंतकवादी को रोक उसे मार डाला। घातक रूप से जख्मी हो जाने पर भी उन्होंने लड़ाई जारी रखी और अपने घावों के कारण वीरगति को प्राप्त होने से पहले हथगोला फेंककर तीसरे आतंकवादी का सफाया कर दिया।

सूबेदार जयसिंह ने आतंकवादियों से लड़ने में दृढ़ निश्चय, अदम्य साहस और निर्भीक कार्रवाई का प्रदर्शन किया तथा साथियों को बचाने के लिए सर्वोच्च बलिदान किया।

26. **15321590 सेपर जी प्रकाश**
इंजीनियर/44 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 16 नवंबर, 2003)

आतकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने पर एक तलाशी दल पूर्वी सेक्टर के एक कस्बे में पहुंची। 16 नवंबर, 2003 को 0730 बजे तलाशी शुरू की गई। तलाशी के दौरान अग्रणी स्काउट सैपर जी

प्रकाश और उनके साथी पर गोलीबारी हो गई। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए वे नजदीक के घर में दौड़कर घुस गए और कारगर गोलीबारी करते हुए आतंकवादियों से भिड़ गए। इस लड़ाई के दौरान सैपर जी प्रकाश ने लक्षित घर की खिड़की के निकट एक आतंकवादी को देखा और उसे मौके पर ही मार डाला। चूंकि दूसरे आतंकवादी पर प्रभावी गोलबारी नहीं हो रही थी इसलिए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस लगाया गया। वह फटने वाला था तभी आतंकवादी ने भारी गोलीबारी कर दी और सैपर जी प्रकाश तथा उसके साथी को जख्मी करके खिड़की से बाहर कूद गया। यद्यपि सैपर जी प्रकाश जख्मी हो गए थे, किंतु उन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना अपने साथी को आड़ देते हुए आतंकवादी पर कारगर गोलीबारी करके उसे अशक्त कर दिया जो बाद में मारा गया। सैपर जी प्रकाश ने घायल हो जाने के बावजूद एक विदेशी आतंकवादी को मारने और एक आतंकवादी को घायल करने में अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। सैपर जी प्रकाश गोली लगने से घायल हो जाने के कारण मौके पर ही वीरगति को प्राप्त हो गए।

सैपर जी प्रकाश ने आमने-सामने की लड़ाई में अपने आपको गम्भीर खतरे में डालते हुए समझ, दिलेरी, उत्कृष्ट पहलशक्ति का प्रदर्शन किया और आतंकवादियों से लड़ते समय सर्वोच्च बलिदान दिया।

27. **2896094 राइफलमैन लक्ष्मण सिंह**
राजपूताना राइफल/9 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 07 दिसंबर, 2003)

राइफलमैन लक्ष्मण सिंह जम्मू-कश्मीर के एक गांव में राष्ट्रीय राइफल बटालियन द्वारा शुरू की गई घेराबंदी और तलाशी कार्रवाई में शामिल थे।

07 दिसंबर, 2003 को 1530 बजे तक गांव की पूरी तरह से घेराबंदी कर ली गई थी। 1620 बजे, तलाशी दल पर आतंकवादियों द्वारा गोलीबारी कर दी गई और घमासान लड़ाई शुरू हो गई। 1630 बजे, एक आतंकवादी ने घर की खिड़की से कूदकर भागने का दुस्साहस किया। राइफलमैन लक्ष्मण सिंह ने आतंकवादी को करीब आने का मौका दिया और अपने निजी हथियार का इस्तेमाल करके उसे मार गिराया। इसी बीच, उन्होंने एक अन्य आतंकवादी को गोलियां बरसाते हुए अपनी ओर बढ़ते देखा। राइफलमैन लक्ष्मण सिंह सभी सावधानियों को ताक पर रखते हुए अपने आपको गंभीर खतरे में डालकर खड़े हो गए और उसका रास्ता रोक लिया। इस लड़ाई में राइफलमैन लक्ष्मण सिंह को एक गोली लग गई किंतु वे आतंकवादी पर गोलियां बरसाते रहे और मूर्छित होने से पहले उसे मार डाला। अस्पताल ले जाते समय उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली।

राइफलमैन लक्षमण सिंह ने देश के लिए आतंकवादियों से लड़ते समय उत्कृष्ट वीरता और दिलेरी का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

28. **3401087 सिपाही जसबीर सिंह**
7 सिख

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 21 दिसबंर, 2003)

सिपाही जसबीर सिंह जम्मू-कश्मीर के जिला पुंछ में नियंत्रण रेखा पर कमांडिंग अफ़सर के त्वरित कार्रवाई दल के सदस्य थे।

21 दिसंबर, 2003 को एक मुठभेड़ के बाद तलाशी के दौरान सिपाही जसबीर सिंह ने झाड़-झंखाड़ में संदिग्ध हलचल महसूस की। सिपाही जसबीर सिंह को देखकर दो आतंकवादियों ने उन पर गोलियों की भारी बौछार कर दी जो ऊबड़-खाबड़ जमीन की आड़ लेकर रेंगते हुए आगे बढ़ रहे थे। कारगर गोलीबारी की ज़द में होने के बावजूद ये बाजू से निकलकर और करीब आ गए और काफी नजदीक से एक आतंकवादी को मार डाला। दूसरा आतंकवादी सिपाही जसबीर सिंह पर गोलियां बरसाता रहा जो हथगोला फेंककर उसे उलझाए हुए थे और उसको भागने से रोके हुए थे। जब आतंकवादी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हो रही थी, तो सिपाही जसबीर सिंह ने अदम्य साहस और निडरता का प्रदर्शन किया और आतंकवादी के नजदीक पहुंचने के लिए झाड़ियों में घुस गए। तभी आतंकवादी ने उन पर गोलीबारी कर दी। एक तरफ उछलकर सिपाही जसबीर सिंह ने जवाबी गोलीबारी की और दूसरे आतंकवादी को काफी नजदीक से मार डाला।

सिपाही जसबीर सिंह ने आमने-सामने की लड़ाई में एक-एक करके दोनों आतंकवादियों को मारने में असाधारण वीरता और अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

29. **आईसी-60708 कैप्टन विवेक मिश्रा**
16 गढ़वाल राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 दिसंबर, 2003)

24 दिसंबर, 2003 को कैप्टन विवेक मिश्रा ने आसूचना प्राप्त करने के लिए असाधारण उत्साह का प्रदर्शन किया और एक स्रोत को विशिष्ट कार्य सौंपकर पूर्वी सेक्टर के एक जनरल एरिया में आतंकवादियों के एक दल द्वारा घुसपैठ किए जाने के बारे में विश्वसनीय सूचना प्राप्त की। इस अफसर ने बड़ी ही चतुराई से घात बिठाया। घात के स्काउट ने थर्मल इमेजरी रात्रि दर्शी उपकरणों का इस्तेमाल करके संदिग्ध गतिविधियां देखी और घमासान लड़ाई शुरू हो गई जिसमें दो आतंकवादी मारे गए।

भागने से रोकने की तात्कालिकता को भांपते हुए, इस अफसर ने बाजू से निकलकर उपयुक्त ठिकाने पर मोर्चा संभाल लिया। अदम्य साहस तथा दृढ़-निश्चय का प्रदर्शन करते हुए वह स्थान बदलते रहे और सघन गोलीबारी करके तीसरे आतंकवादी को मार डाला। वे चौथे आतंकवादी के निकट पहुंचे और अपनी ए के-47 राइफल से गोलियों की बौछार करके उसे भी मार गिराया। पांचवां आतंकवादी भयभीत हो गया और उसने इस अफसर पर छलांग लगा दी। आमने-सामने की घमासान लड़ाई में इस अफसर ने निर्भीकता दिखाते हुए और अपनी सुरक्षा के खतरे को भुलाकर पांचवें आतंकवादी को धर-दबोचा और अंततः उसे मार डाला।

कैप्टन विवेक मिश्रा ने इस सैन्य कार्रवाई के दौरान उत्कृष्ट वीरता, अदम्य साहस तथा युद्ध-भूमि के उत्कृष्ट नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

30. **एसएस-38315 मेजर ललित प्रकाश**
3 राजपूत (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 जनवरी, 2004)

16 जनवरी, 2004 को मेजर ललित प्रकाश ने उत्तरी सेक्टर के एक गांव में दो आतंकवादियों को पकड़ लिया। आरंभिक पूछताछ से जंगल-क्षेत्र में गुप्त ठिकाने का संकेत मिला। 17 जनवरी, 2004 को मेजर ललित प्रकाश ने गुप्त ठिकाने के रास्ते का पता लगाने के लिए एक गश्त-दल का नेतृत्व किया। 0815 बजे जब जंगल की ओर जाते समय गश्त-दल पर कारगर गोलीबारी हो गई तो मेजर ललित प्रकाश ने उग्र प्रतिक्रिया की और जवाबी गोलीबारी की। दोनों ओर की गोलीबारी में मेजर ललित प्रकाश, उनके रेडियो आपरेटर और एक नर्सिंग सहायक को गोलियां लग गईं। दोनों ओर से घमासान लड़ाई शुरू हो गई तथा गश्त-दल गुप्त ठिकाने से की गई कारगर गोलीबारी की चपेट में आ गया। मेजर ललित प्रकाश ने अपने जख्मों की परवाह किए बिना, भारी हिम में रेंगते हुए दो आतंकवादियों को मार डाला और एक को घायल कर दिया। अफसर की इस कार्रवाई से दल के बाकी सदस्यों को आड़ लेने का मौका मिल गया। वह अफसर, वहां से हटाए जाने से पहले ही, अपने जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गया। उनके इस वीरतापूर्ण कार्रवाई से प्रेरित होकर गश्त-दल ने चार और आतंकवादियों को मार गिराया तथा गुप्त ठिकाने का पूरी तरह से सफाया कर दिया।

मेजर ललित प्रकाश ने आतंकवादियों से लड़ते हुए उत्कृष्ट वीरता, प्रेरणादायक नेतृत्व का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

31. **15140924 गनर बाबीचेन कोईकलाम एलेक्स**
तोपखाना/19 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 29 जनवरी, 2004)

गनर बाबीचेन कोईकलाम एलेक्स 29 जनवरी, 2004 को तलाशी कार्रवाई के दौरान आंतरिक घेराबंदी-दल के सदस्य थे। लगभग 1730 बजे, लक्षित घर की जांच-पड़ताल के समय जब इनका सैन्य दस्ता एक खुले भू-खंड को पार कर रहा था, तो वह करीब के ही एक गौशाला से स्वचालित हथियार से की गई भारी गोलीबारी की चपेट में आ गया। गनर बाबीचेन कोईकलाम एलेक्स अपने साथियों के लिए खतरा भांपते हुए बारिश और धुंध की आड़ लेकर रेंगते हुए आगे बढ़े और गौशाला के पीछे से गोलियां बरसा रहे आतंकवादियों के नजदीक पहुंच गए तथा अनुकरणीय सूझबूझ और अदम्य साहस का परिचय देते हुए आमने-सामने की मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार डाला तथा दूसरे को जख्मी कर दिया। जख्मी आतंकवादी गौशाला में भाग गया और वहीं से स्वचालित हथियार से गोलीबारी करने लगा। गनर बाबीचेन

कोईकलाम एलेक्स अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए रेंगते रहे और गौशाला के प्रवेश-द्वार पर पहुंचकर अंदर एक हथगोला फेंका जिससे एक आतंकवादी मारा गया। इन दोनों आतंकवादियों का सफाया कर दिए जाने से आंतरिक घेराबंदी-दल को लक्षित घर पर पकड़ मजबूत करने के लिए लाभप्रद मोर्चा संभालने का मौका मिल गया, जिससे चार आतंकवादी और मारे गए।

नायक बाबीचेन कोईकलाम एलेक्स ने आतंकवादियों की गोलीबारी के सामने उत्कृष्ट वीरता, अदम्य साहस, अनुकरणीय नेतृत्व तथा सैनिकों की परवाह का प्रदर्शन किया।

32. **जेसी-548602 सूबेदार मोशात लमकांग, सेना मेडल**
8 असम (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 05 फरवरी, 2004)

